## खबर कोना

*मुख्यमंत्री* योगी आदित्यनाथ रविवार को लखनऊ में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते।

### सभी जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा पारा

लखनऊ, 31 जनवरी (भाषा)।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अनेक इलाके शीत लहर की चपेट में रहे और सभी मंडलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर शीत लहर का प्रकोप रहा। कुछ इलाकों में इसका प्रचंड रूप भी महसूस किया गया। रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान अयोध्या मंडल में न्यूनतम तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। वहीं, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद तथा आगरा मंडलों में यह सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया गया। राज्य के बाकी मंडलों में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। इस अवधि में फुरसतगंज और इटावा राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे। दोनों ही स्थानों पर न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के कुछ इलाकों में शीत लहर चलने का अनुमान है।

### आंदोलन के समर्थन में मोदीनगर के किसान खुलकर सामने आए

मोदीनगर, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर चले आंदोलन के समर्थन में अब स्थानीय किसान खुलकर सामने आ रहे हैं। गांव खंजरपुर के ग्रामीणों ने एंटी प्वाइंट पर पोस्टर लगाकर भाजपा नेताओं को प्रवेश ना करने की हिदायत दी है। पोस्टर पर लिखा है कि गांव में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का आना सख्त मना है। यह पोस्टर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कानपुर की कुरिया पुलिस चौकी अस्थायी रूप से बंद

कानपुर, 31 जनवरी (भाषा)।

ग्रामीणों के व्यवहार से नाराज कानपुर पुलिस ने अस्थायी रूप से कुरिया पुलिस चौकी को बंद कर दिया है। एक दुर्घटना में महिला की मौत के बाद आंदोलित भीड़ ने बृहस्पतिवार को इस पुलिस चौकी में कथित तौर पर आग लगाने की कोशिश की थी।

कुरिया पुलिस चौकी जिले के बिधनू पुलिस थाने के तहत आती है और जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बृजेश श्रीवास्तव ने रविवार को बताया, ' पुलिस चौकी बंद करने का निर्णय पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) ने लिया और उन्होंने अस्थायी रूप से पुलिस चौकी बंद करने यह आदेश जारी किया किया।' हालांकि, उन्होंने कहा कि आसपास के इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं और किसी भी समस्या से निपटने के लिए पुलिस की सतर्कता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को चौबीसों घंटे पुलिस पिकेट तैनात करने और इलाके में मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है।

कुरिया पुलिस चौकी को अस्थायी रूप से बंद करने की पुष्टि करते हुए कानपुर के डीआइजी प्रीतिंदर सिंह ने बताया, 'गांव में पुलिस चौकी स्थापित की गई थी, जिसका उद्देश्य लोगों की शिकायतों का निवारण और उनकी मदद करना है, लेकिन वहां लोगों ने बवाल कर यह दर्शाया कि उन लोगों को पुलिस चौकी की कोई आवश्यकता नहीं है।'

# सरकार ने टिकैत को हवा दी : वीएम सिंह

लखनऊ, 31 जनवरी (भाषा)।

नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन का अहम हिस्सा रहे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष वीएम सिंह ने सरकार पर आंदोलन को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा इसलिए किया गया, ताकि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 'किसानों की सरकार' नहीं बन पाए।

सिंह ने रविवार को टेलीफोन पर एजंसी से बातचीत में कहा कि वह अपने मकसद से पीछे नहीं हटे हैं और जल्द ही उनकी मुहिम एक नए स्वरूप में सामने आएगी। उन्होंने सरकार पर किसान आंदोलन को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाया और भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'सरकार ने टिकैत को हवा दी।' एक आदमी जिसके पास सिर्फ 300-400 लोग थे। बाकी हमारे लोग थे। जब आंदोलन वापस

**हिंसा के बाद किसान आंदोलन से अलग हुए राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि एक आदमी को नौ घंटे की फुटेज मिलेगी तो वह नेता तो बन ही जाएगा**

लेने की बात हुई तो सरकार को लगा कि अगर आंदोलन वापस हो जाएगा तो पूरा श्रेय वीएम सिंह को जाएगा, यह कि सिंह के आदमियों की वजह से यह आंदोलन खड़ा था। सिंह ने आरोप लगाया कि एक आदमी को नौ घंटे की फुटेज मिलेगी तो वह नेता तो बन ही जाएगा। यह पूरा खेल इसलिए हुआ है ताकि 2022 में प्रदेश में किसानों की सरकार न बनने पाए।

गौरतलब है कि सिंह का संगठन 26 जनवरी को दिल्ली में ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा के बाद किसान आंदोलन से अलग हो गया था। सिंह ने कहा कि नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसानों के आंदोलन से वह भले ही अलग हो गए हों, लेकिन वह अपने मकसद से पीछे नहीं हटे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने संगठन के साथियों से चर्चा कर रहा हूं। आंदोलन तो रहेगा बस इसका स्वरूप बदल जाएगा। हम जल्द ही एक नए स्वरूप के साथ आंदोलन शुरू करेंगे। सिंह ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी की उनकी मांग कोई नई नहीं। उन्होंने कहा कि यह मांग अक्तूबर 2000 से चली आ रही है। यही आंदोलन आगे बढ़कर यहां तक पहुंचा है। किसान आंदोलन से अलग होने के कारण के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि मेरा मकसद आंदोलन को खराब करने का नहीं था, बल्कि मैंने तो आंदोलन का बीज बोया था। मैंने जो भी निर्णय लिया, वह नैतिकता के आधार पर और देशहित में था। सिंह ने आरोप लगाया कि अब दिल्ली की सीमा पर जो भी शेष आंदोलन रह गया है, वह राजनीतिक हो चुका है।

## सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत, दो गंभीर

गोण्डा, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

जिले के थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत गोण्डा-अयोध्या राजमार्ग शनिवार देर शाम एक ट्रक व ऑटो में भिड़ंत हो जाने के कारण ऑटो में सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से जख्मी दो अन्य महिलाओं का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि दजीर्कुआं के निकट शनिवार की देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दिया। परिणाम स्वरूप ऑटो में सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन अन्य महिलाओं को आनन-फानन में जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि वजीरगंज थाना क्षेत्र के डुमरियाडीह निवासी देवकी, सुरेमन, पूनम, मीरा और नवाबगंज थाना के बाबा पुरवा निवासी उषा व एक तीन वर्षीय बालक सहित आठ लोग ऑटो में सवार थे। देवकी और सुरेमन की मौके पर ही मौत हो गई। मीरा की जिला अस्पताल में मौत हो गई।

# तीन करोड़ 40 लाख बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक

लखनऊ, 31 जनवरी (भाषा)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि कोई बच्चा भले एक परिवार में पैदा होता है लेकिन वह राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है, ऐसे में स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए जरूरी है कि हर नागरिक की स्वस्थ दिनचर्या बनी रहे।

रविवार को यहां वीरांगना अवंती बाई महिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में भारत को पोलियो से मुक्त कर दिया गया लेकिन पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नाइजीरिया जैसे देशों में अभी भी बड़ी संख्या में पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। उसका संक्रमण भारत के बच्चों में ना हो जाए, इसलिए पल्स पोलियो अभियान चलाने की आवश्यकता है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पल्स पोलियो अभियान के तहत तीन करोड़ 40 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को यह खुराक दी जाएगी। इसके लिए प्रदेश में एक लाख दस हजार पोलियो बूथ बनाए गए हैं।

योगी ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही बच्चे के भविष्य को खराब कर सकती है, ऐसा पहले देखा गया है। उन्होने कहा कि 125 करोड़ की आबादी को पोलियो से बचाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कहा जाता रहा है कि यहां का स्वास्थ ढांचा बहुत खराब है इसलिए स्वस्थ दिनचर्या की चुनौती बनी रहती थी, लेकिन यहां के चिकित्सकों ने साबित किया कि अब वे अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से परिणाम देने में पीछे नहीं हैं।

## मेनका गांधी ने राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय की रखी आधारशिला

सुल्तानपुर, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

सांसद मेनका संजय गांधी ने आज ग्रामीण क्षेत्र बड़ौरा ख्वाजापुर में 20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय की आधारशिला रखी।

उन्होंने इसके पूर्व आधा दर्जन जन चौपालों को संबोधित करते हुए क्षेत्र में दी जाने वाली सौगातो के बारे में जानकारी दी। कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में 500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की विकास परियोजनाओं से जिले में विकास का पहिया आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अमहट तिराहे पर 60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ओवरफ्लाई की मंजूरी केंद्र सरकार ने दे दी है। शिलान्यास समारोह को स्थानीय विधायक राजेश गौतम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आरए वर्मा समेत भाजपा के कई नेता मौजूद थे। मेनका गांधी ने कहा कि मुश्किल वक्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को बखूबी संभाला है। उन्होंने कहा कि वह सब का भला चाहते हैं। बताया कि प्रस्तावित पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण अगले वर्ष तक पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी का इसके लिए आभार व्यक्त किया। गांधी ने कहा कि आंदोलनरत किसानों को प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए और उनसे बातचीत कर समस्या का हल निकालना चाहिए।

## छज्जा गिरने से चार लोग घायल

मोदीनगर, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

कस्बा निवाड़ी में रविवार तड़के जर्जर मकान के एक कमरे का छज्जा (लिंटर) गिर गया। जिस कारण कमरे में चारपाई पर सो रहे परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य किया।

कस्बा निवाड़ी में राजकुमार सैनी परिवार सहित रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी मुनेश, पुत्र रोहित सैनी, प्रदीप सैनी, पुत्री रीतू व शिवानी हैं। मकान जर्जर हालात होने के कारण राजकुमार सैनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने क लिए आवेदन कर रखा है। दो साल बीत जाने के बाद भी अभी तक पहली किस्त भी नहीं आई है। रोज की भांति शनिवार रात राजकुमार सैनी पूरे परिवार के साथ एक कमरे में सो हुए थे। रविवार तड़के करीब तीन बजे अचानक कमरे की छत भरभराकर गिर गई। जिस कारण मलबे में पूरा परिवार दब गया। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। इस हादसे में राजकुमार सैनी, मुनेश ,प्रदीप, रोहित,रीतू ,शिवानी घायल हो गए। रीतू की हालात गंभीर बनी हुई है। थानाप्रभारी ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि हादसे की जानकारी लेकर प्रशासन को भेज दी गई है।

## बच्चे की हत्या के आरोप में दंपती गिरफ्तार

ललितपुर, 31 जनवरी (भाषा)।

ललितपुर जिले के जाखलौन थाना क्षेत्र के दावनी गांव से लापता छह साल के बच्चे की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक दंपती को शनिवार को गिरफ्तार किया।

ललितपुर के नगर पुलिस उपाधीक्षक (सीओ सिटी) केशव नाथ ने रविवार को बताया कि 28 जनवरी से लापता जगत सिंह राजपूत के छह साल के बेटे अंश का शव 29 जनवरी को एक खेत में मिला था।

इस मामले में उसके पड़ोस में रहने वाली महिला गुड्डू देवी (50) और उसके पति तुलसी राजपूत (55) को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी ने गिरफ्तार दंपती के हवाले से बताया कि बालक 28 जनवरी को छत पर खेल रहा था, तभी उसने एक पत्थर महिला (गुड्डू) को मार दिया था। इस घटना के बाद गुड्डू ने बच्चे को मार दिया।

## बिजली कर्मचारियों ने दी तीन फरवरी को बहिष्कार की चेतावनी

मथुरा, 31 जनवरी (भाषा)।

केंद्र की निजीकरण नीति के खिलाफ अपने विरोध-प्रदर्शन को तेज करते हुए 15 लाख बिजली कर्मचारी तीन फरवरी को 'कार्य बहिष्कार' करेंगे।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी।

**KHANDELWAL EXTRACTIONS LIMITED**
CIN: L24241UP1961PLC005282
Regd. Office: 51/47, Nayaganj, Kanpur-208001
Website: www.khandelwalextractions.com
Email: kelknp@yahoo.com
Notice available at: www.bseindia.com
**NOTICE OF BOARD MEETING**
Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, 12th February, 2021 at its registered office inter-alia, to consider and approve the Un-audited financial results of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2020.
For Khandelwal Extractions Limited
Place: Kanpur Dinesh Khandelwal
Date: 01.02.2021 Director (Finance) & CFO

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171
**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली)**
ई-निविदा सं. : इरकॉन/2056/एएएनआरएलपी/निविदा/बेलाहट की आपूर्ति-II/183 दिनांक : 01.02.2021
नीचे ईस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से एवं उसके लिए आवश्यक सामग्रियाँ पूरी करने वाले निविदादाताओं से दो पैकेट प्रणाली में "अगरतला–अखौरा नई रेल लिंक परियोजना के निर्माण के संबंध में किमी 0.00 (अगरतला पर) से 54+400 (निश्चिन्तापुर यार्ड, इंडो बांग्ला सीमा) के मध्य रेलवे ट्रैक हेतु सम्बद्ध आरडीएसओ विशिष्टियों के अनुसार 60 मिमी (66 मिमी से 20 मिमी फैल ग्रेडिड) आकार की गर्डर से तोड़ी हुई पत्थर की गिट्टी का निर्माण, आपूर्ति एवं बदले लगाना" के कार्य हेतु निम्न विवरणानुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 7,08,50,000/- |
| ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 20 फरवरी, 2021 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक |

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://www.etenders.gov.in/eprocure/app देखें। संशोधन/शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर डाला जाएगा। महाप्रबंधक/सिविल, इरकॉन/एएएनआरएलपी
ईमेल आईडी- aanrip.2056@ircon.org, raman.singla@ircon.org, फोन : +91 3812374501, +91 7085066400

**ICICI Bank**
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, नजदीक चकली सर्कल के निकट, ओल्ड पदरा रोड, वडोदरा-390007
कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
क्षेत्रीय कार्यालय : एनबीसीसी प्लेस, भीष्म पीतामाह मार्ग, प्रगति विहार, नई दिल्ली-110003

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत संपत्ति की बिक्री के लिए निविदा सह नीलामी**

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय संपत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री 8(6) और नियम 9 (1) के सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम के लिए अनंतिम के साथ पढ़ें।

चूंकि, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("**आईसीआईसीआई बैंक**") के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय संपत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("**अधिनियम**") के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) ("**नियम**") के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों के प्रयोग के तहत 22.09.2016 को मैसर्स स्टार बस सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड ("**कर्जदार**"), श्री अजय सिंह ("**व्यक्तिगत गारंटीदाता / जमानत प्रदाता**"), श्रीमती कल्पना सिंह ("**गिरवीदाता / व्यक्तिगत गारंटीदाता**"), मैसर्स ग्रीनलाइन ट्रांजिट सिस्टम प्रा. लि. ("**कॉरपोरेट गारंटीदाता / जमानत प्रदाता**") तथा मैसर्स अर्जेन्टम ऑटो प्राइवेट लिमिटेड ("**जमानत प्रदाता**"), (जिन्हें यहां बाद में सामूहिक रूप से "**नोटिसी**" कहा गया है) एक सांविधिक मांग सूचना जारी की गई थी, तथा तत्पश्चात 13.03.2019 को नीचे उल्लिखित सम्पत्ति ("**प्रत्याभूत सम्पत्ति**") पर भौतिक कब्जा कर लिया गया।

एतद्द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरफेसी अधिनियम, 2002 (**सरफेसी अधिनियम**) तथा सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन), 2002 ("**नियमों**") के अनुसार नीचे उल्लिखित प्रत्याभूत सम्पत्ति की "**जैसी है जहां है तथा वहां जो कुछ भी है तथा बिना किसी वाग्यित्व के आधार पर**" नीचे किए गए उल्लेख के अनुसार ई-नीलामी की जाएगी :

**अनुसूची**

| प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (₹ में) | बयाना जमा राशि (इएमडी) (₹ में) | बोली वृद्धि मूल्य (₹ में) | संपत्ति निरिक्षण की तारीख व समय | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वाणिज्यिक कार्यालय सं: डीटीजे-918, 9वी मॉजिल, टॉवर-बी, डीएलएफ टॉवर्स, प्लॉट 11, जसोला, नई दिल्ली में प्लिंथ एरिया 109.942 वर्ग मीटर और वर्ग के सुपर क्षेत्र लगभग 169.201 वर्ग मीटर (1,821 वर्ग फुट) (श्रीमती कल्पना सिंह पत्नी श्री विजेंद्र सिंह के नाम पर) | 1,18,00,000.00 | 11,80,000.00 | 1,00,000.00 | 15.02.2021 (दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक) पूर्व सूचना के साथ | 22.02.2021 सायं 4:00 बजे तक | 24.02.2021 (दोपहर 11:00 से 12:00 बजे तक) |

**नियम एवं शर्तें:**
(1) ऑनलाइन नीलामी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) की वेबसाइट https://icicibank.auctiontiger.net आयोजित की जाएगी व https://icicibank.auctiontiger.net पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज में वर्णित नियम व शर्तों के आधार पर होगी।
(2) निरीक्षण, नीलामी के नियम एवं शर्तें अथवा निविदा जमा करने के संबंध में अन्य किसी भी तरह के स्पष्टीकरण के लिए कृपया श्री करण कक्कड़, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी से +91-7042792970 पर संपर्क करें अथवा karan.kakkar@icicibank.com पर लिखें।
(3) अधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए अथवा बगैर किसी सूचना के किसी अथवा सभी बोलियों को रद्द करने अथवा नीलामी को निरस्त करने का अधिकारी सुरक्षित है।
(4) सूचना प्रेषिती (प्रेषितियों) को एतद्द्वारा 31 दिसम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार कुल बकाया रकम रू 7,01,02,963.58 (रूपये सात करोड़ एक लाख दो हजार नौ सौ तिरेसठ और पचास आठ पैसे) के साथ अनुबंधकीय दर पर उस पर आगे के ब्याज तथा अन्य शुल्क चुकता करने का अंतिम मौका दिया जाता है गिरवीदाता/सूचना प्रेषिती (प्रेषितियों) द्वारा उक्त बकाया रकम 23 फरवरी, 2021 तक चुकता करना होगा, अन्यथा प्रत्याभूत संपत्ति ऊपर उल्लिखित अनुसूची के अनुसार बिक्री कर दी जाएगी।
(5) विशेष रूप से कर्जदार/गिरवीदाता तथा आमतौर पर जनसाधारण को एतद द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के मद्देनजर किसी भी रूप में ऊपर उल्लेखित प्रत्याभूत संपत्ति के संबंध में कोई भी सौदा नहीं करने हेतु सतर्क एवं प्रतिबंधित किया जाता है तथा प्रत्याभूत संपत्ति के साथ कोई भी सौदा संबंधित रकमों तथा उस पर आगे के ब्याज की रकम के लिए आईसीआईसीआई बैंक के प्रभार का विषय होगा।

**नियमों के नियम 9(1) के अधीन 15 दिनों की संवैधानिक बिक्री सूचना**

एतद् द्वारा सूचना प्रेषित (प्रेषितियों) को ई-नीलामी की तारीख से पहले ऊपर उल्लिखित रकम के साथ वर्तमान तारीख तक ब्याज तथा आनुषंगिक व्यय का भुगतान करने के लिए एक बार पुन: सूचित किया जाता है, अन्यथा प्रत्याभूत सम्पत्ति नीलामी / बिक्री कर दी जाएगी तथा इसके बावजूद कोई रकम बकाया रहने पर उसे ब्याज एवं लागत समेत वसूला जाएगा। अगर किसी भी कारणवश नीलामी विफल रहती है, तो बैंक सरफेसी अधिनियम तथा उसके नियमों के अधीन अनिवार्य प्रावधानों के अनुसार नोटिसी को बिना कोई सूचना प्रदान किए नियमों के नियम 8 के उप-नियम (5) के अधीन निजी करार के माध्यम से उपरोक्त प्रत्याभूत सम्पत्ति बिक्री करने के लिए स्वतंत्र होगा।

दिनांक : 01.02.2021 हस्ताक्षर
स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## रेलवे के कचहरी पुल का होगा विस्तारीकरण

सहारनपुर, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

डैडीकेटिड फ्रंट कारिडोर की रेल लाइनों के बिछाए जाने के लिए करीब डेढ़ सौ लाख रुपए की लागत से सहारनपुर के रेलवे के कचहरी पुल का विस्तारीकरण का काम फरवरी के पहले हफ्ते में शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस दौरान पुल पर आवागमन बंद रहने के चलते प्रशासन विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर वैकल्पिक व्यवस्थाएं कर रहा है।

रेलवे लाइन बिछाने का कार्य लार्सन एंड टुब्रो कंपनी कर रही है। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह, नगर आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह, एसएसपी डा. एस चनप्पा, एसपी सिटी विनीत भटनागर, एसपी ट्रांस्पोर्ट प्रेमचंद और रेलवे के इंजीनियरों ने रेलवे पुल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि दिल्ली वाया शामली मार्ग की बसों का ठहराव इस दौरान शामली रोड स्थित कांशीराम कालौनी के पास किया जा सकता है। नगर को सिविल लाइन क्षेत्र से जोड़ने वाला यह पुल 24 घंटे व्यस्त रहता है। इसकी बंदी के दौरान नगर और जिले के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसी का आसान हल तलाशने में जिला प्रशासन लगा है।

**OSWAAL BOOKS SE PADHTA HAI INDIA**
Question Banks
Sample Question Papers
Solved Papers
*As per the Updated Syllabus for 2021 Exams*
**Class IX to XII all subjects (CBSE/ICSE/ISC) & Competitive Exam (NEET/JEE/CLAT)**
Scan QR Code for **FREE SAMPLE QUESTION PAPERS**
**Available at:** All leading book stores, Order online: oswaalbooks.com
Flipkart amazon
Trusted by **3.5** Million Students in last 10 years
OSWAAL BOOKS®
LEARNING MADE SIMPLE

**Perfect Buildwell (P) Ltd.**
Zara Aavaas
Sector – 104, Gurugram (Haryana) Affordable Group Housing Project
License No. 12 of 2014

List of defaulters who have not made payment till date in spite of reminder. The successful applicant may deposit their installment along with applicable Interest on or before 15th February, 2021, failing which their allotment shall be cancelled without any further notice and 5% of the Total Cost of the Flat shall be deducted and balance shall be refunded to the applicant without any further claims.

**LIST OF DEFAULTERS**

| 301 Sq. Ft. (1 BHK) | 498 Sq. Ft. (2 BHK) | 524 Sq. Ft. (2BHK) | 569 Sq. Ft. (2BHK) | 635 Sq. Ft. (2BHK + Study) |
|---|---|---|---|---|
| Unit No. | Unit No. | Unit No. | Unit No. | Unit No. |
| 8011 | 18078 | 18044 | 2133 | 19053 |
| 6042 | 3121 | 18064 | 2066 | 19034 |
| 11023 | 3111 | | 18027 | |
| 8033 | | | 17096 | |
| | | | 17123 | |

Note:-
1. All payments should be made in favour of Zara Aavaas A/c Perfect Buildwell Pvt Ltd.
2. Please mention your Booking No., Name and Phone No. on the back of Pay Order/Demand Draft.
3. All payment should be made at our Branch Off. 2nd Floor, E-597, Greater Kailash-II, New Delhi-110048.
4. In case of any clarifications you may get in touch at 40641100-88 or you can mail us at E-mail: info@perfectbuildwell.com
5. The above mentioned applicants can ignore the notice if already paid subject to their intimation.

यूनियन बैंक Union Bank
गोती बाग शाखा, पालिका भवन, हयात रीजेंसी होटल के सामने, नई दिल्ली – 110066,
फोन नं. 011-24100083, 24676843, 26872621, ईमेल: motibagh@unionbankofindia.com

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस
**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) / 9(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**
आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदारों / गारंटर्स और प्रत्याभूति – दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक / प्रभारित है, को कब्जा (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे निम्नवर्णित कर्जदारों / गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूत – दाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से – प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांकों को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

| कर्जदार और गारंटर्स का नाम : | बंधक संपत्ति का विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| | मैसर्स एवी ऑडियोट्रॉनिक्स, जी–52, पालिका भवन, सेक्टर–13, आर के पुरम, नई दिल्ली–66, श्री अंकुश सहाय पटेल और श्रीमती पूजा सहाय पटेल (गारंटर), एडी–3, टैगोर गार्डन, नई दिल्ली–110027, श्री श्याम ज्योति भसीन (गारंटर), जी–76, पुष्कर एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110063 | ₹ 58,14,063.14 और भविष्य का ब्याज |

**सम्पत्ति नं. 1 :** अचल संपत्ति, संपत्ति का उत्तरी भाग का संपत्ति संख्या डब्लूजेड– 28 – ए, प्लॉट नंबर ए 58 / 1, प्रथम तल पर बना, (नया नंबर बी – 30), बसई दारापुर शारदापुरी, मानसरोवर गार्डन के पास, नई दिल्ली –110015 में स्थित है। क्षेत्रफल 75 वर्ग गज (सुपर बिल्ट अप / कारपेट एरिया), जो कि श्री अंकुश सहाय और श्री स्वयम ज्योति भसीन के नाम पर है। चौहद्दी : उत्तर में: प्लॉट नंबर ए – 58, न्यू बी – 29, दक्षिण में: शेष भाग, पूरब में – 24 फीट रोड, पश्चिम में: 10 फीट रोड
नीलामी की तिथि एवं समय : 18.02.2021 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. **47,08,000/-** जमा धरोहर राशि रु. **5,00,000/-** ई–नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले ईएमडी राशि जमा की जा सकती है
मार, यदि कोई सुरक्षित लेनदार को ज्ञात है ज्ञात नहीं

**बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक https://www.unionbankofindia.co.in/english/TendelViewAllAuction.aspx को देखें**
**पंजीकरण और लॉगिन और बोली नियमों हेतु https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp पर जाएं।**
दिनांक: **29-01-2021**, स्थान : नई दिल्ली श्री सुनील सूरी (एजीएम), फोन : **9873151021**, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया